Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to construct fly-over bridge on NH-110 in Jahanabad Parliamentary Constituency.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार राज्य के जाहानाबाद संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं । जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से दो जिले अगल-बगल में सटे हुए हैं । दोनों जिलों में आवागमन के लिए रोड एनएच 110 गुजरती है । इस रोड को पार करने के लिए वहां ब्रिटिश टाइम से एक अंडर पास बना हुआ है । एक जिले से दूसरे जिले में जाने के लिए वही एक रास्ता है ।

महोदय, अभी एनएच 110 के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है । मैंने उस संकीर्ण अंडरपास के ऊपर फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने के लिए राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह करता हूं । उस पर जल्द से जल्द फ्लाई ओवर ब्रिज बनाया जाए, जिससे जहानाबाद और अरवल जाने वाले लोगों को उस समस्या से निजात मिल सके । धन्यवाद ।